# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025





## खबर संक्षेप



### सीएसआर मद से किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्य

**बरपाली।** अडानी पावर लिमिटेड द्वारा सीएसआर मद से प्लांट के आसपास के गाँव मे समाज कल्याण के व शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किया जा रहा है इसी बीच ग्राम पंचायत सरगबुंदिया के ग्राम-रिस्दिहापारा में शासकीय प्रायमरी स्कूल व बच्चों के खेल परिसर की रक्षा के लिए रिसदीहापारा के ग्रामवासीयो का आग्रह पर अडानी फाउंडेशन द्वारा स्कूल के बाउंड्रीवाल का कार्य दिया गया है जहाँ बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन का कार्यक्रम में अडानी पावर लिमिटेड से डॉ विकास ठाकुर , ताजेन्द्र बंजारे , पवन महतो, विद्यालय के प्रधानपाठिका, स्टाफ व शत्रुहन कमलेश, शिखा खरे। हरियर बाई उषा सोनवानी (पंच) एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बाउंड्रीवॉल के निर्माण कार्य से स्कूल व छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टिकोण से उन्हें विशेष लाभ प्राप्त होगा।

### जहर से विवाहिता की, तालाब में डूबने से महिला की मौत

**कोरबा।** जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो विवाहिता की मौत हो गई है। जहां एक विवाहिता ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है तो वहीं दूसरी महिला की तालाब में लाश मिली है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहली घटना करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैगामार की है यहां निवासरत लक्ष्मण टोप्पो गुरुवार की सुबह धान कटाई के लिए खेत गया हुआ था जब वह दोपहर को अपने घर वापस लौटा तो उसने देखा कि उसकी 36 वर्षीय पत्नी आदेशी बाई का मूर्छित अवस्था में घर पर पड़ी हुई थी और घर में एक जहर की सीसी पड़ी हुई थी। आनन फानन में लक्ष्मण टोप्पो ने अपनी पत्नी आदेशी टोप्पो को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान आदेशी बाई की मौत हो गई। विवाहिता ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कापूबहरी की है। यहां निवासरत धन कुंवर कुर्रे उम्र 31 वर्ष पति छत्तुराम कुर्रे गुरुवार की सुबह नहाने के लिए तालाब गई हुई थी जहां तालाब में नहाने के दौरान पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम



**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर दर्री में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 49 की पार्षद श्रीमती प्रीति शर्मा, मुख्य वक्ता सरिता पांडेय अधिवक्ता, पूर्व सदस्य उपभोक्ता आयोग, वर्तमान सदस्य महिला यौन उत्पीड़न व सहायक वक्ता चेतना शुक्ला शिक्षिका उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीता अधीक्षिका, सर्वमंगला कन्या छात्रावास ने की।
स्वागत उपरांत लक्ष्मी पांडे सप्त शक्ति संगम संयोजिका ने सप्त शक्ति संगम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य संयुक्त परिवार की संकल्पना को सुदृढ़ करना तथा स्त्री में निहित सप्त शक्तियां कीर्ति, वाक, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा को जागृत कर परिवार एवं समाज निर्माण में नारी की भूमिका सशक्त बनाना है। मुख्य वक्ता सरिता पांडे ने अपने उद्बोधन में भारतीय परिवार परंपरा, परिवार की महत्ता एवं वर्तमान समय में परिवारों में आ गए बिखराव पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारी में विद्यमान सप्त शक्तियां उसे परिवार को सुसंस्कृत व संपन्न बनाने में सक्षम बनाती है। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वबोध, नागरिक कर्तव्य बोध और कुटुंब प्रबोधन इन पांच परिवर्तनों से भारत पुनः विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित होगा।

## बालको थाना क्षेत्र के तराईडांड़ डकैती का मामला

# डकैतीकांड जानकारों के इर्दगिर्द ही मंडरा रही है पुलिस की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किराना व्यवसायी के घर हुई डकैती के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है और आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक ने चार अलग-अलग टीम का गठन किया है। पुलिस की टीम अपराधियों की धरपकड़ के लिए विभिन्न पहलुओं की तहकीकात में जुटी हुई है। हालांकि अब तक पुलिस को इस डकैती के मामले में कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, लेकिन जिस तरह से वारदात को अपराधियों ने अंजाम दिया है इससे ऐसी संभावना जताई जा रही है कि किसी जानकार परिचित व्यक्ति ने ही इस वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही डकैती के इस मामले को सुलझा लेगी।

**खास बात**

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार अलग अलग टीम गठित



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनगुड़ा तराईडांड़ निवासी शत्रुघ्न दास महंत के घर मंगलवार की रात डेढ़ दर्जन सशस्त्र डकैतों ने घुसकर डेढ़ लाख रुपये नगद सोने चांदी के जेवराज सहित लाखों का सामान पार कर दिया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी स्वयं अपराधियों की धरपकड़ के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों के साथ मामले की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। अपराधियों की धरपकड़ के लिए चार अलग-अलग टीम गठित की गई है, जो चारों टीम अलग-अलग बिंदुओं पर मामले की तहकीकात कर रही है। पुलिस के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि जिस तरह से वारदात हुआ है इससे ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अपराधियों को यह जानकारी थी कि शत्रुघ्न दास महंत के घर सोने चांदी की जेवरात है और नगदी रकम भी है, जिसके आधार पर अपराधी उनके घर में घुसकर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हुए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और शत्रुघ्न दास महंत के रिश्तेदार सहित आसपास के परिचितों का इतिहास खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस मामले आरोपियों तक पहुंचाने के लिए दिन-रात लगी हुई है। संभावना जतायी जा रही है कि पुलिस जल्द इस डकैती के मामले को सुलझा लेगी।

**सौम्या का पैसा कहां है पूछते रहे डकैत**

डकैतीकांड को लेकर अब नई नई जानकारियां सामने आ रही है। सूत्र बताते हैं कि राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया ने ग्राम तराईडांड़ निवासी शत्रुहन दास महंत के परिवार की एक बेटी बबीता को गोद लिया था और जिसकी शिक्षा दीक्षा में उन्होंने सहयोग प्रदान किया था। जब डकैत मंगलवार की रात शत्रुहन के घर पहुंचे थे तो इस दौरान वे शत्रुहन से पहले यही पूछते रहे कि सौम्या चौरसिया द्वारा दिए गए लाखों रुपए की रकम कहां है। जब शत्रुहन ने ऐसी किसी भी रकम की नहीं होने की जानकारी डकैतों को दी तो वे गुस्से से आग बबूला हो गये और पीड़ित परिवार के साथ मारपीट की उनके घर के फर्श के टाईल्स को तोड़ते हुए घर में खुदाई भी की है। उन्हें संदेह था कि बड़ी रकम तराईडांड़ निवासी शत्रुहन दास के घर खपाई गई है। इसी संदेह के आधार पर डकैत घर में मोटी रकम तलाश करते रहे लेकिन उन्हें मोटी रकम नहीं मिली बल्कि शत्रुहन अपनी पुत्री के शादी के लिए जो रकम डेढ़ लाख और जेवरात रखे थे उसी को लेकर फरार हो गए। अब आरोपियों के पकड़े जाने के बाद मामला पूरी तरह से खुलेगा कि इस डकैतीकांड में किसके तार जुड़े हुए हैं। हालांकि सौम्या चौरसिया का नाम सामने आने पर पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

## कांग्रेस के कोरबा लोकसभा प्रभारी ने विधानसभा क्षेत्रों की ली बैठक



कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसआईआर संबंधी कार्यों को सुगमता से सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त किए गए प्रभारी जयसिंह अग्रवाल इस संबंध में लगातार बैठकें ले रहे हैं। श्री जयसिंह अग्रवाल ने 12 नवंबर को कोरबा और बरपाली में कोरबा एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अनेक सुझाव देते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसी कड़ी में 13 नवंबर को लोकसभा अन्तर्गत आने वाले कटघोरा, पालीतानाखार एवं मरवाही विधानसभा क्षेत्रों के लिए क्रमशः दीपका, पसान और पेण्ड्रा में बैठक लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। बैठकों में जयसिंह अग्रवाल ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में कार्यकर्ताओं को बताया कि कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और जिम्मेदारी वाला है। किसी प्रकार की लापरवाही या चूक की गुजाईश नहीं रखनी है। उन्होंने सभी को समझाईश देते हुए कहा कि उनकी छोटी सी लापरवाही के कारण मतदाता सूची अपूर्ण रहने का अंदेशा रहेगा और वास्तविक मतदाताओं के हितों को नुकसान होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसी कड़ी में 14 नवंबर को मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर, बैकुण्ठपुर, कोरिया व सोनहत क्षेत्र में बैठकें लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देंगे।

## पीएमएवाई शासन की महत्वपूर्ण व फ्लेगशिप योजना इसके कार्यों में कोताही स्वीकार नहीं: आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की अतिमहत्वपूर्ण व फ्लेगशिप योजना है। योजना से जुड़े कार्यों में धीमी कार्य प्रगति कतई स्वीकार्य नहीं होगी। कार्य प्रगति में तेजी लाएं जिन आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें प्रारंभ कराएं तथा निर्माणाधीन आवासगृहों की कार्यप्रगति में तेजी लाकर समयसीमा में निर्माण कार्य पूरा करवाएं।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि सभी जोन कमिश्नर व्यक्तिगत रूचि लेकर अपने-अपने क्षेत्र में साईट विजिट करें, हितग्राहियों से चर्चा करें तथा आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ करने तथा समयसीमा में निर्माण को पूरा करने के लिए उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित करें। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सभाकक्ष में अधिकारियों, जोन कमिश्नरों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना सहित निगम के विकास व निर्माण कार्यों, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यों, भवन निर्माण अनुमति, राजस्व वसूली, अवैध निर्माण व अतिक्रमण सहित विविध कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक के दौरान निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की कार्यप्रगति पर विशेष रूप से फोकस करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आवासगृहों के निर्माण से जुड़े विभिन्न चरणों के कार्यों में अपेक्षित तेजी लाएं। जिन आवासगृहों का निर्माण हितग्राहियों द्वारा प्रारंभ नहीं किया गया है, ऐसे हितग्राहियों को प्रेरित व प्रोत्साहित करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करवाएं। साथ ही फाउंडेशन, लेंटल व रूफ लेबल आदि तक पहुंचे आवासगृहों के निर्माण कार्यो में अपेक्षित तेजी लाकर निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित करें।




अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

**बिना अनुमति निर्माण पर करें कार्यवाही**

निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने भवन निर्माण अनुमति से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन निर्माण अनुमति के लिए प्राप्त आवेदनों व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सामान्य सर्वे कराएं तथा यह देखें कि कहां-कहां पर बिना अनुमति के निर्माण हो रहा है, बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण की जोनवार सूची बनाएं, संबंधितों को नोटिस जारी करें तथा नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

**राजस्व वसूली में तेजी लाएं**

निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम की राजस्व वसूली से जुड़े कार्यों की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, भवन दुकान किराया सहित अन्य करों की वसूली की वर्तमान कार्यप्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वसूली कार्यों में तेजी लाई जाए तथा समय सीमा में प्रदत्त लक्ष्य को पूरा किया जाए। उन्होंने बड़े बकायादारों की सूची तैयार करने तथा बकायाकरों की वसूली के लिए नियमों के तहत विशेष कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा ट्राली के नीचे दबने से मजदूर की मौत

**जांजगीर-चांपा।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर में सवार एक मजदूर नीचे गिरकर ट्राली में दब गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्ठी का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 13 नवंबर को ट्रैक्टर में ईंट लोडकर मजदूर चोरभट्ठी की ओर जा रहे थे। ट्रैक्टर की रफ्तार तेज थी। चोरभट्ठी में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान ट्रैक्टर में बैठा तिलई निवासी सुमित बरेठ नीचे गिर गया। वह ट्रैक्टर ट्राली में दब गया। हादसे में घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर में लोड ईंट सड़क पर बिखर गया। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मुलमुला पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस की टीम कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक के शव को अस्पताल पहुंचाया।

TOP IN JANJGIR




## विद्युत सुधार अधिनियम का बिजली कर्मियों की सेवा शर्तों पर नहीं पड़ेगा कोई प्रतिकूल प्रभाव

**कोरबा।** कर्मचारियों और राष्ट्रीय एवं औद्योगिक हितों पर विद्युत अधिनियम 2003 के प्रतिकूल प्रभावों को उजागर करने के लिए अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ ने 29 अगस्त को देश भर के जिला मुख्यालयों और 9 अक्टूबर को सभी राज्यों की राजधानियों में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किए और जिला प्रशासन के माध्यम से केंद्र सरकार को संबंधित ज्ञापन सौंपे। इस पर संज्ञान लेते हुए गुरूवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल को विस्तृत चर्चा के लिए अपने सचिवालय शक्ति भवन, नई दिल्ली में आमंत्रित किया। बैठक में केंद्रीय विद्युत मंत्री, ऊर्जा सचिव और ऊर्जा मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव स्तर के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।



### स्वस्थ पशु, समृद्ध किसान यही ग्रामीण विकास की पहचान

**कोरबा।** जिले के पशु चिकित्सा सेवाएँ विभाग ने पिछले 25 वर्षों में ऐसी उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिन्होंने न केवल पशुपालन की दिशा बदली बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग ने योजनाओं के माध्यम से न केवल पशुओं का उपचार किया बल्कि किसानों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया है। वर्ष 2000 में जहाँ विभाग की गतिविधियाँ सीमित दायरे में थीं, वहीं 2025 तक जिले के लगभग हर गाँव तक पशु चिकित्सा सेवाओं की पहुँच बन चुकी है। पशु उपचार की संख्या 28 हजार 822 से बढ़कर 95 हजार 97 तक पहुँच गई है, औषधि वितरण में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज किया गया है। यह वृद्धि बताती है कि अब किसान उन्नत नस्लों के माध्यम से बेहतर दूध उत्पादन की ओर अग्रसर हैं।

## पचरा में उत्पात मचा रहा 53 हाथियों का झुंड, दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज के पचरा बीट में 53 हाथियों का दल विगत एक सप्ताह से डेरा डाला हुआ है। हाथियों का झुंड दिनभर जंगल में विश्राम करने के बाद रात में निकलता है और खेतों में पहुंचकर वहां पककर तैयार धान की फसल को चट कर दे रहा है। हाथियों का उत्पात लगातार जारी रहने से क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में हैं। उन्हें यह डर सता रहा है कि अब तक खेतों में उत्पात मचाने वाला हाथी कहीं बस्ती में न घुस जाए तथा जान-माल को बड़ा नुकसान पहुंचा दे। हाथियों के उत्पात से सबसे ज्यादा पचरा गांव के लोग प्रभावित हैं। जिसके द्वारा वन विभाग से हाथियों से फसल की सुरक्षा की गुहार लगाई जा रही है लेकिन विभाग का अमला तमाम कोशिश करने के बावजूद उन्हें राहत नहीं दे पा रहा है और ग्रामीण नुकसानी सहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों को सबसे ज्यादा दुख तब हो रहा है जब हाथी उनकी खेतों में पहुंचकर तैयार फसलों को तहस-नहस कर दे रहे हैं, वो भी ऐसे समय में जब वे काफी मेहनत के बाद इसे तैयार किए हैं और खलिहान लाने की तैयारी में हैं। ग्रामीण अपनी फसल को लेकर कई अरमान भी पाले हैं। कोई इसे बेचकर बाल-बच्चों की शादी के बारे में सोच रहा है तो कोई अन्य जरूरी कामकाज निपटाने की मानसिकता में है। याद रहे बड़ी संख्या में हाथियों ने कटघोरा वनमंडल को अपना बसेरा बना लिया है। यहां के जंगल में हाथियों की मौजूदगी बारहों महीने बनी रहती है। हाथियों का झुंड कभी डिविजन के ऐतमानगर में डेरा डालता है तो कभी केंदई व पसान रेंज में। बीच-बीच में जटगा के जंगल भी पहुंच जाया करते हैं। इस बीच कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में सक्रिय 37 हाथियों के दल में से 9 हाथी फिर अलग होकर करतला व धरमजयगढ़ डिविजन के बार्डर पर स्थित धसकामुड़ा जंगल पहुंच गए हैं जबकि 28 हाथी केराकछार क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के दोनों ही झुंड ने जिले के रामपुर, सेंद्रीपाली व बांधापाली में धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। जिसकी सूचना पीड़ितों द्वारा दिए जाने पर वन अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं।



फाइल फोटो

**न्यायालय तहसीलदार हसौद, जिला-सक्ती (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र. क्र. /अ-2/2025-26
ग्राम- हसौद, प.ह.न. -13
बाबूलाल साहू पिता साधराम साहू, जाति तेली निवास ग्राम हसौद , तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) ....आवेदक
**बनाम**
छ.ग. शासन.......अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण निवासी ग्राम हसौद प.ह.न 13 तह.-हसौद को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बाबूलाल साहू पिता साधराम साहू जाति तेली निवास ग्राम हसौद, तहसील हसौद जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा ग्राम हसौद स्थित भूमि -स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1409/5 कुल रकबा 0.1210 हे. भूमि को आवासीय प्रायोजन के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती को प्रस्तुत किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार का दावा / आपत्ति करना है वह स्वयं या अपने वैध अभिभावक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई तिथि 26/11/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। तिथि बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/11/2025 को मेरे शील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**हसौद, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 15 नवंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13. 0 डिग्री

2 डकैतीकांड जानकारों के इर्दगिर्द ही मंडरा रही है पुलिस की जांच



## खबर संक्षेप

### डीडीएस संकुल में सम्मान समारोह का आयोजन आज

**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा में शनिवार 15 नवंबर को दोपहर 12 बजे से नवनियुक्त जिला मिशन समन्वयक ( समग्र शिक्षा) जांजगीर चांपा हरिराम जयसवाल का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस संबंध में डीडीएस संकुल के संकुल समन्वयक लखन लाल कश्यप ने बताया कि शनिवार 15 नवंबर को दोपहर 12 बजे से संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा में जांजगीर चांपा जिला के नवनियुक्त जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा हरिराम जयसवाल जी को बधाई एवं शुभकामनाएं देने के लिए उनका सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। यह कार्यक्रम संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा एवं संकुल केंद्र बिर्रा और संकुल केंद्र सिलादेही तीनों संकुल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।

### बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती आज, राजवाड़े होंगी मुख्य अतिथि

**जांजगीर-चांपा।** भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवम्बर को दोपहर 2 बजे जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होंगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरबंश, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, छ.ग. खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, नगर पालिका परिषद जांजगीर-चांपा अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढेवाल, नगर पालिका परिषद चांपा अध्यक्ष प्रदीप नामदेव होंगे। विशिष्ट अतिथि समाज प्रमुख जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम, बीएस सिदार, विजय कुंवर मरकाम, बटदेव उरांव, राजेन्द्र कंवर, हरेन्द्र बिंझवार, आईपी मरकाम, एमएल मराबी, राजकुमार खैरवार, गोवर्धन धनुवार, गंगोत्री कंवर, धरमलाल सिदार, लालबहादुर सिंह होंगे।

### जिला न्यायालय परिसर में दो पक्षकारों के बीच मारपीट

**जांजगीर-चांपा।** जिला न्यायालय परिसर में शुक्रवार 14 नवंबर को अचानक उस समय हंगामा मच गया जब पेशी में आए दो पक्षकारों के बीच किसी बात को लेकर तेज बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और लात-घूँसों से एक-दूसरे पर हमला करने लगे। घटना के दौरान मौजूद पुलिस जवानों ने तत्काल बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया, जिसके बाद स्थिति पर काबू पाया गया। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों को आपस में भिड़ते देखा जा सकता है।

### रेत घाट नीलामी प्रक्रिया को लेकर दिनभर गहमागहमी

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर जिले के रेट घाटों के नीलामी प्रक्रिया को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में दिनभर गहमागहमी का माहौल देखा गया। ज्ञात हो कि जांजगीर जिले के रेत घाटों का नीलामी प्रक्रिया शुक्रवार 14 नवंबर को कलेक्ट्रेट परिसर जांजगीर में आयोजित की गई थी इसे लेकर खनिज विभाग से जुड़े अफसर एवं रेत घाट के नीलामी प्रक्रिया को लेकर ठेकेदार बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे इसे लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में दिनभर चहल-पहल देखी गई जानकारी के अनुसार रेट घाटों की नीलामी प्रक्रिया देर रात तक चलती रही। जांजगीर जिले में बोरसी शिवरीनारायण पीथमपुर देवरहा चांपा सहित अन्य प्रमुख रेत घाटों के माध्यम से साल बड़े पैमाने पर रेत का परिवहन एवं उत्खनन कार्य चलता है।

### धान खरीदी शुरू होने के पहले दिन बड़ी कार्रवाई, प्रदेश पदाधिकारी आए चपेट में

# हड़तालियों पर एस्मा : जांजगीर में 4 सक्ती में 7 समिति कर्मचारी बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-सक्ती



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले दिन हड़ताली कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई हुई। दरअसल मुख्य सचिव से मिले निर्देशानुसार धान खरीदी को आवश्यक सेवा में शामिल करते हुए एस्मा एक्ट लागू किया गया है और कार्रवाई की चेतावनी कई बार दी जा चुकी है। बावजूद इसके काम पर नहीं लौटने की स्थिति में खरीदी कार्य में हो रहे रूकावट को देखते हुए पहले चरण में प्रदेश पदाधिकारियों पर बर्खास्त की कार्रवाई की गई। इसके तहत जांजगीर चांपा जिले में 4 समिति कर्मचारियों और सक्ती जिले में 7 समिति कर्मचारियों को बर्खास्त करने के आदेश दिए गए है।

गौरतलब है कि राज्य शासन के मंशा अनुसार 15 नवंबर से धान खरीदी की जानी है। इधर समिति कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सोमवार 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। ऐसे में धान खरीदी व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। इसको लेकर शासन द्वारा कर्मचारियों को काम पर लौटने के निर्देश दिए गए थे। बताया जाता है कि प्रदेश के मुख्य सचिव ने विगत दिवस वीडियो क्रांफेसिंग के जरिए बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को धान खरीदी कार्य को आवश्यक सेवा के अंतर्गत शामिल करते हुए एस्मा एक्ट लागू होने पर हड़ताली कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में सहायक आयुक्त सहकारिता जांजगीर चांपा द्वारा दिए गए आदेश के परिपालन में समिति के प्राधिकृत अधिकारियों ने हड़ताली कर्मचारियों को नोटिस जारी किया था। बावजूद इसके काम पर नहीं लौटने की स्थिति में सेवा सहकारी समिति चांपा के प्रबंधक गोविंद नारायण मिश्रा को बर्खास्त करने का आदेश दिया गया है। इसी तहत भैंसतरा समिति के प्रबंधक पुष्पेन्द्र थवाईत, लिपिक लक्ष्मीकांत थवाईत, कम्प्यूटर आपरेटर रामकिशन कश्यप और चौकीदार संदीप बंजारे को सेवा से पृथक करने के आदेश दिए गए है। बताया जाता है कि इनमें ऑपरेटर और चौकीदार दैनिक वेतनभोगी है। इसी तरह सक्ती जिले में सहायक आयुक्त एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में सेवा सहकारी समिति नवापारा के एकलव्य चंद्रा, कर्रापाली के वीरेन्द्र महान, जर्वे के पुरूषोत्तम बरेठ, सक्ती के धनीराम साहू, सकर्रा समिति के तोपसिंह चंद्रा, घोघरी समिति के ललित साहू और डूमरपारा समिति के कर्मचारी तरूणेन्द्र शेखर तिवारी को बर्खास्त करने के आदेश दिए है। जारी आदेश के मुताबिक उक्त कर्मचारियों को शासन की धान खरीदी जैसे व्यापक लोकहित के कार्य में बाधा डालने के कारण तत्काल बर्खास्त किया गया है।

#### दो-दो बार नोटिस

हडताली कर्मचारियों को प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा दो दो बार नोटिस जारी किया जा चुका है। बावजूद इसके काम पर नहीं लौटने पर शासन के निर्देशानुसार प्राधिकृत अधिकारी बर्खास्तगी की कार्रवाई कर रहे है। अभी प्रदेश पदाधिकारियों पर कार्रवाई हुई है। शासन के दिशा निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई होगी।

**-मंजू पाण्डेय,**
सहायक आयुक्त, सहकारिता संस्थाएं जांजगीर

# ट्रक की टक्कर से घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम, हाइवे पर शव रखकर चक्काजाम

### अकलतरा-शिवरीनारायण के बीच मुख्य मार्ग पर घंटों आवागमन अवरूद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



सड़क पर युवक का शव रखकर चक्काजाम करते नगरवासी।

ट्रक की ठोकर से घायल युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसके बाद गुस्साएं लोगों ने अकलतरा शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर मुआवजे की मांग को लेकर 4 घंटे चक्काजाम कर दिया। इस बीच ट्रक मालिक एवं प्रशासन द्वारा 4 लाख रुपए की मुआवजा राशि देने पर मामला शांत हुआ। घटना अकलतरा शहर के मिनीमाता चौक की है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 13 नवंबर को नगर के वार्ड क्रमांक 13 के निवासी रामकुमार टंडन के बेटे नितेश टंडन की मिनीमाता चौंक के पास ट्रक की चपेट में आने से हुई मौत को लेकर शहर में आक्रोश का माहौल देखा गया। घटना से दुःखी परिजनों को न्याय दिलाने तथा उचित मुआवजे की मांग को लेकर समाज एवं भीम आर्मी के नेतृत्व में शुक्रवार 14 नवंबर को मिनीमाता चौक के पास चक्काजाम शुरू कर दिया गया। चक्काजाम दोपहर 12 बजे शुरू होकर करीब चार घंटे तक चला, जिसके चलते शिवरीनारायण–अकलतरा मुख्य मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। मृतक नितेश टंडन के बारे में बताया गया कि कुछ दिनों पहले ही उनकी सगाई हुई थी। वे निजी बैंक में कार्यरत थे। अचानक हुई इस दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। परिजनों के साथ स्थानीय लोग भी इस हादसे से गहरे सदमे में हैं। चक्काजाम के दौरान भीम आर्मी द्वारा मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये मुआवजा प्रदान करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। मांग को लेकर बड़ी संख्या में समाज के लोग और विभिन्न संगठन मौके पर उपस्थित रहे। आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुआ। आवश्यक सेवाओं जैसे एम्बुलेंस, दवाइयों से जुड़े वाहन और जरूरी सेवा प्रदान करने वाले परिवहन को मार्ग दिया गया, जिससे किसी प्रकार की जन-आपदा या चिकित्सकीय समस्या सामने न आए। इस दौरान तहसीलदार शालिनी तिवारी, नायब तहसीलदार प्रशांत गुप्ता, संजीव सिंह एवं थाना प्रभारी भास्कर शर्मा सदलबल घटना स्थल पर मौजूद रहे। लम्बी बातचीत और समझाइश के बाद ट्रक मालिक द्वारा 3 लाख 75 हजार रुपये तथा शासन द्वारा 25 हजार रुपये का मुआवजा देने की सहमति दी गई। मुआवजा राशि प्रदान किए जाने के बाद शाम 4 बजे चक्काजाम समाप्त कर दिया गया और मुख्य मार्ग पर यातायात बहाल हो गया। मामले ने एक बार फिर क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं और सुरक्षा प्रबंधन को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। नगर में भारी वाहन की चपेट में आकर लगातार मौत होने के बाद विगत 15 वर्षों से भारी वाहनों के प्रवेश पर सुबह 6 से रात 11 तक प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन इस प्रतिबंध से चावल, धान भूसा सहित कई अन्य सामग्रियों के परिवहन पर छूट दी गई है। नगर वासियों के द्वारा जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए सभी प्रकार के भारी वाहनों के आगमन पर सुबह 6 से रात 11 तक प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई है।

# एकमात्र शिक्षक को भेजा बीएलओ बनाकर, स्कूल में पढ़ाई चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेल्हाडीह



विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम बेल्हाडीह की प्राथमिक शाला इन दिनों स्टाफ संकट से जूझ रही है। विद्यालय में पदस्थ प्रधानपाठक का हाल ही में छात्रावास जर्वे के लिए स्थानांतरण हो गया है, जबकि शाला में शेष बचे एकमात्र शिक्षक को मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु बीएलओ का दायित्व सौंप दिया गया है। दोनों शिक्षक कार्यमुक्त होने से शाला में पठन-पाठन लगभग ठप पड़ गया है और विद्यालय पर ताला जैसी स्थिति बन गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे रोज स्कूल पहुँचते हैं, लेकिन शिक्षक उपलब्ध न होने से उन्हें वापस लौटना पड़ता है। पालकों में इस स्थिति को लेकर नाराज़गी बढ़ती जा रही है, क्योंकि इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और नियमितता पर पड़ रहा है। ग्राम के अभिभावकों ने शिक्षकों की त्वरित पदस्थापना की मांग करते हुए कहा कि शैक्षणिक सत्र के मध्य में शिक्षक संकट ने बच्चों का शैक्षिक नुकसान बढ़ा दिया है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश साहू ने बताया कि बेल्हाडीह जैसे ग्रामीण अंचलों में पहले ही शैक्षणिक संसाधन सीमित हैं। ऐसे में एकमात्र शिक्षक को भी अन्य कार्यों में लगा देना अत्यंत अनुचित है। विभाग तत्परता से वैकल्पिक व्यवस्था करे, ताकि बच्चों की पढ़ाई पटरी पर लौट सके। ग्रामीणों और पालकों ने भी एकजुट होकर शिक्षा विभाग का ध्यान आकर्षित करने की बात कही है। वे मांग कर रहे हैं कि या तो बीएलओ ड्यूटी से शिक्षक को मुक्त किया जाए या अस्थायी रूप से अतिरिक्त शिक्षक भेजकर पठन-पाठन की नियमित व्यवस्था बहाल की जाए ताकि अध्यापन व्यवस्था सुचारू हो सके।

#### मिली है जानकारी

इस संबंध में जानकारी मिली है। जल्द ही शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी।

**-दिलीप पटेल,**
विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सक्ती

### रबी फसल में पानी की मांग को लेकर कलेक्टर से मिले किसान

**डोंगाकोहरौद।** रबी फसल में पानी की मांग को लेकर डोंगाकोहरौद, भिलौनी धनगांव केशला मेकरी जोरिला हिर्री के किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञात हो कि पामगढ़ शाखा नहर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोंगाकोहारौद भिलौनी धनगांव केसला मेकरी जोरिला हिर्री आदि ग्राम पंचायत से लगभग 250 किसानों रबी सीजन में धान बोने के लिए पानी के लिए ज्ञापन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में दुकालू भास्कर, राजाराम पटेल लव पटेल रवि शंकर धीवर, मनीष कश्यप, कुलदीप साहू, रामखिलावन कौशिक, ऋतु पटेल, लक्ष्मीनारायण, अनिल भास्कर, कुमार चंद्रकिशोर पटेल, मोहना केवट , पुरषोत्तम निराला , भिलौनी से त्रिलोकी कांत , रामचरण , प्रदीप बघेल, धनगांव से हेतराम बर्मन, धरमलाल दिव्य, गुरु चरण चौहान, सीतकुमार लखन लालरामपाल, छत्रपाल लहरे, रोहित खूंटे , मोहर साय, हिर्री नेतराम राहुल बर्मन मोहन, रमेश अमृत लाल, केसला घसिया पटेल, राजाराम पटेल ने बताया कि रबी फसल किसानो के आर्थिक विकास के साथ साथ खेतो में काम करने वाले हजारो मजदूरो की रोजी-रोटी का भी साधन है। फसल नही होने से वही मजदूर पलायन के लिये विवश होते है।







## खबर संक्षेप

### शासकीय हाईस्कूल मुड़पार में 25 छात्राओं को साइकिल वितरण



**पामगढ़-तनौद।** सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल मुड़पार चुरतेला में सरपंच ने विद्यालय की 25 छात्राओं को बाल दिवस पर साइकिल का वितरण किया। सरपंच मनोज यादव ने छात्राओं को मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी के साथ अध्ययन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जो ग्रामीण अंचल की बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाता है। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे समाज और देश का नाम रोशन करें। विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों बालिकाओं ने साइकिल प्राप्त कर सरपंच का आभार व्यक्त किया। बेहतर भविष्य के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया जिसमें प्रधान पाठक भार्गव, अध्यक्षता में सभी शिक्षक गण एवं सरपंच मनोज यादव के साथ उपस्थित उपसरपंच कुलदीप कुरै पंच लकेश लहरे गांव के वरिष्ठ नागरिक विष्णु यादव, साधन यादव उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब का निःसंतान दंपत्ति जांच शिविर कल

**चांपा।** स्थानीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब द्वारा रविवार 16 नवम्बर को अपेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं आई. वी. एफ. सेंटर रायगढ़ के सहयोग से निःसंतान दंपत्तियों के लिए निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी तथा सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर का आयोजन लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक किया जा रहा है। इसमें अपेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल तथा आई. वी. एफ. सेंटर रायगढ़ की विषेषज्ञ चिकित्सक डॉ. रश्मि गोयल द्वारा निःसंतान दंपत्तियों की सम्पूर्ण जांच के तहत स्त्री की नलियों में रूकावट, अनियमित माहवारी और अंड़ों का न बनना, इनका न बढ़ना तथा समय पर नहीं फूटना, बार-बार गर्भपात हो जाना, पुरूष के वीर्य में शुक्राणुओं की मात्रा कम होना, इसका कमजोर होना एंव इसके लिए एक वर्ष से अधिक समय से प्रयासरत होना जैसी समस्याओं की आवश्यक जांच कर जरूरी परामर्श दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. रश्मि गोयल की सफलता दर 80 प्रतिशत से अधिक है। क्लब ने क्षेत्र के निःसंतान दंपत्ति से शिविर का लाभ उठाने के लिए अग्रिम पंजीयन कराने का अनुरोध किया है।

### लायंस स्कूल के छात्र अरमान ने अंतर्राष्ट्रीय कराटे टीम में किया स्थान हासिल

**चांपा।** स्थानीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल



में अध्ययनरत कक्षा 9वीं के छात्र अरमान ताम्रकार ने कराटे के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए शोतोकान फाउंडेशन द्वारा आयोजित कराटे सेल्फ डिफेंस न्यू डैन परीक्षा और स्टेमिना टेस्ट उत्तीर्ण कर अंतर्राष्ट्रीय कराटे टीम में स्थान प्राप्त कर नगर, स्कूल एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। इसके पश्चातअरमान हंग्सु कराटे स्टेडियम में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अरमान की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. सहित शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर की है। लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन तथा लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि अरमान ने अपने परिश्रम एवं लगन से नगर और विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह हम सबके लिए गर्व का क्षण है। अरमान ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों, माता-पिता और साथियों को देते हुए आशा कि वे विद्यालय का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उंचा करने में सफल होंगे।

## निधन

### अशोक भावनानी

**चांपा।** स्थानीय सिंधी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी बरपाली चौक निवासी आशा



कलेक्शन के संचालक अशोक भावनानी का शुक्रवार 14 नवंबर को अपरान्ह 4 बजे निवास पर निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। स्व. भावनानी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 15 नवंबर को बेरियर चौक के पास पी.आई.एल. बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया जायेगा। अंतिम यात्रा पूर्वान्ह 11.30 बजे बरपाली चौक स्थित निवास स्थान से निकलेगी।

### श्रीमती पुनीता पांडे

**अकलतरा।** ग्राम कोनारगढ़ निवासी प्रतिष्ठित



महिला श्रीमती पुनीता पांडे का 64 साल की उम्र में निधन हो गया। वे राम अवतार पांडे की धर्मपत्नी, रोशन और भवानी पांडे की माता थी। मुखाग्नि उनके पुत्र रोशन पांडे ने दी। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन सहित नगर वासी शामिल हुए।

स्कूलों में आनंद मेला के साथ खेलकूद, वाद-विवाद, नृत्य, संगीत, निबंध, भाषण चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

# बाल दिवस पर चाचा नेहरु को बच्चों ने किया याद



बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार देवांगन सचिव, परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति, विशिष्ट अतिथि रेखा देवांगन कोषाध्यक्ष, परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति, संस्था प्राचार्य एम. विकास देवांगन के द्वारा मां सरस्वती एवं भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद कराने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण, पुष्प अर्पित एवं पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धा नमन अर्पित किया गया। कक्षा-नसरी, के. जी. 1, के.जी.-2 के छात्र-छात्राओं के द्वारा केक काटकर पंडित जवाहर लाल नेहरू की जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य एम. विकास देवांगन ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल दिवस 14 नवंबर का दिन देश के बच्चों को समर्पित है। पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से काफी लगाव, प्यार और स्नेह रखते थे। इसलिए उनके जन्मदिन 14 नवंबर को देशभर में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाल दिवस के दिन स्कूलों में कई तरह की प्रतियोगिताएं जैसे खेलकूद, वाद-विवाद, नृत्य संगीत, निबंध, भाषण चित्रकला प्रतियोगिता होती है। विजयी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित गया एवं विद्यार्थियों के द्वारा सुंदर डांस प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप देवांगन एवं लक्ष्मी प्रधान द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा गरिमा यादव एवं दीक्षा देवांगन के द्वारा तैयार किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में माया देवांगन, तारा देवांगन, लक्ष्मी प्रधान, गरिमा यादव, दीक्षा देवांगन, शारदा नामदेव, भुनेश्वरी बरेठ, स्वेक्षा रावत, प्रीति यादव, कुसुम देवांगन, चंचल यादव, दिपाली कसेरा, कुंती भार्गव, विजय केंवट, श्रद्धा देवांगन, नम्रता यादव, शाशि यादव, सूरज सोनी, दीपक वैष्णव, सन्नी उरांव व छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं का विशेष योगदान रहा।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**तालदेवरी।** शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालदेवरी में 14 नवम्बर को धूमधाम से बालदिवस मनाया गया। कार्यक्रम में गांव के जनप्रतिनिधि, विद्यालय के सभी बच्चे एवं शिक्षक शामिल हुए। साथ ही न्यौता भोजन का आयोजन भी किया गया। बच्चों को खीर पुड़ी, दाल चावल एवं हरी सब्जियां खिलाए गए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तालदेवरी के सरपंच श्रीमती सीमा सोनवानी, सरपंच प्रतिनिधि शुकलाल सोनवानी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष लखेश्वर साहू, विद्यालय से संकुल प्राचार्य श्रीमती पापिया चक्रवर्ती, शैक्षिक समन्वयक लालित मनहर, प्रधान पाठक ओमप्रकाश पटेल, मथुरा प्रसाद मधुकर, वरिष्ठ व्याख्याता फिरतू राम पटेल, श्रीमती माधुरी तंबोली, सुश्री बबीता भगत, योगेश कुमार निर्मलकर, कन्हैयालाल देवांगन, पंकज यादव, हेमंत कश्यप, श्रीगेंद्र राय, श्रीमती श्ववनी आजाद, श्रीमती पुष्पा कश्यप, सुश्री बजंत्री सक्सेना, अन्य कर्मचारी सुरेन्द्र मनहर, चंदराम मधुकर, संतोष साहू आदि सभी शामिल रहे।



## बाल दिवस पर विविध कार्यक्रमों के साथ बनाए गए विभिन्न पकवान



**पामगढ़।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हेड़सपुर में चाचा नेहरू के जन्म दिन बाल दिवस के अवसर पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विविध कार्यक्रम के साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न पकवान बनाये गये थे। ग्राम प्रमुख सरपंच अनिल दिवाकर, के अलावा प्रबुद्ध नागरिक संजय दिवाकर दिलीप, श्रीमती रूपेश्वरी, मेला बाई, रेशमा ने बच्चों का उत्साह बढाने उपस्थित हुए थे। संस्था के प्रधान पाठक श्रीमती निर्मला कौशिक, शिक्षक संतराम जोशी, श्रीमती अर्चना जोशी, गोपी राम कश्यप के मार्ग दर्शन में यह कार्य क्रम सम्पन्न हुआ।

## संकुल केन्द्र देवरघटा में संकुल स्तरीय एफएलएन मेला का हुआ आयोजन



**हसौद।** संकुल केन्द्र देवरघटा में संकुल स्तरीय एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। इस मेले के सफल आयोजन में प्रधान पाठक श्रीमती आंगन लहरे, श्रीमती खगेश्वरी जांगड़े, राम प्यारा आजाद, रामजी लहरे, सहायक शिक्षक श्रीमती राम कुमारी कश्यप, श्रीमती पुष्प लता डहरिया, सुशीला आनंद, अनुज राम अनंत और सेवक राम साहू का योगदान रहा। साथ में माध्यमिक खंड से शिक्षिका सुश्री सत्य श्री दिनकर के विशेष प्रयास से एवं संकुल केंद्र के प्राचार्य दिलेश्वरकुमार लहरे शैक्षिक समन्वयक महेंद्र कुमार खुंटे के मार्गदर्शन में आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

## 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन कल शामिल होंगे केन्द्रीय मंत्री तोखन एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी





**हसौद।** हसौद में आगामी 9 से 12 दिसम्बर तक 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ की तैयारी के अंतर्गत भूमि पूजन समारोह का आयोजन 16 नवम्बर रविवार को किया जाएगा। यह कार्यक्रम पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता के संरक्षण में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तोखन साहू (केन्द्रीय राज्य मंत्री, शहरी विकास, भारत सरकार) तथा ओ.पी. चौधरी (मंत्री, वित्त, आवास एवं वाणिज्य कर, जी.एस.टी., छत्तीसगढ़ शासन) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुकदेव निर्मलकर (छत्तीसगढ़ जोन प्रभारी, शांतिकुंज हरिद्वार) करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती आदर्श वर्मा (छत्तीसगढ़ जोन प्रभारी, गायत्री परिवार रायपुर), दानेश्वर शर्मा (उप जोन समन्वयक, कोरबा) तथा ओमप्रकाश राठौर (छ.ग. युवा प्रकोष्ठ प्रभारी, बिलासपुर) सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। गायत्री परिवार हसौद के सदस्यों ने बताया कि 16 नवम्बर (मार्गशीर्ष कृष्ण 12) को 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रातः 9 से 11 बजे तक, भूमि पूजन समारोह 11 से 12 बजे तक तथा संगोष्ठी एवं अतिथियों का उद्बोधन 12 से 1 बजे तक आयोजित होगी। यह कार्यक्रम तहसील कार्यालय के पीछे हसौद में होगा। कार्यक्रम उपरांत भोजन प्रसाद का आयोजन भी किया जाएगा। गायत्री परिवार ने सभी श्रद्धालुओं, नागरिकों एवं धर्मप्रेमियों से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## गणित के माध्यम से विद्यार्थी कठिन सिद्धांतों को खेल-खेल में समझ सकते हैं आसानी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- गणित कीट के उन्मुखीकरण हेतु पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में शिक्षकों को जानकारी देते बीआरसी।

विकास खण्ड अकलतरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गणित विषय के अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का शालाओं में प्रदत्त गणित कीट के प्रभावी उपयोग के उद्देश्य से एक दिवसीय गणित कीट उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बी आर सी के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को गणित कीट के विभिन्न उपकरणों से परिचित कराना और शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में उनके प्रयोग की समझ विकसित करना था। बीआरसीसी शैलेन्द्र सिंह बैस ने गणित कीट के उपयोग की पृष्ठभूमि और आज के सत्र के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गणित कीट के माध्यम से विद्यार्थी गणित के कठिन सिद्धांतों को खेल-खेल में आसानी से समझ सकते हैं। मास्टर ट्रेनर अमलेश निराला और आशीष तिवारी ने नवाजतन के सात बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ संवाद करते हुए गणित कीट के प्रत्येक उपकरण के उपयोग की विधि समझाई और यह साझा समझ बनाई कि विद्यालयों में इनका उपयोग शिक्षण को अधिक रोचक और सहभागितापूर्ण बनाने के लिए कैसे किया जा सकता है।सत्र के अगले चरण में प्रतिभागी शिक्षकों को समूहों में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह ने गणित कीट के उपकरणों का उपयोग करते हुए किसी एक गणितीय अवधारणा पर गतिविधि तैयार की और उसकी प्रस्तुति दी। कार्यशाला के अंतिम सत्र में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य अभिषेक तिवारी ने आगामी योजनाओं की रूपरेखा साझा की साथ ही निकट भविष्य में गणित मेला आयोजित करने की भी योजना बताई गई, जिसमें शिक्षक अपने अनुभवों और विद्यार्थियों की गतिविधियों को प्रस्तुत करेंगे।इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर आशीष तिवारी, अमलेश निराला, बीआरसीसी शैलेन्द्र सिंह बैस, तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अभिषेक तिवारी , शाह आलम और अतुल उपस्थित रहे।

## पीएम के नीति पर बिहार की जनता ने लगाया मुहर : चंदेल

**जांजगीर-चांपा।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली बम्पर जीत के बाद जांजगीर-चांपा जिले में भी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। यहां भी कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर व मुंह मीठा कराकर जीत का ज़श्न मनाया। छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बिहार प्रदेश में एनडीए की शानदार जीत पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस देश में किए गए विकास कार्यों की जीत है। उनके नीति एवं कार्यक्रमों पर बिहार की जनता ने फिर एक बार मुहर लगाया है। नितिश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने बिहार में 20 वर्षों में काम किया है बिहार की जनता ने फिर एक बार एनडीए पर विश्वास किया है। आने वाले समय में यह विजय का अभियान आगामी जितने राज्यों में चुनाव होगा यह विजय का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने इस शानदार जीत के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और एनडीए के सभी नेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इस जीत को बिहार की जनता का जीत बताया।



## भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में पं. जवाहर लाल नेहरु ने दिया ऐतिहासिक योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- जिला कांग्रेस कमेटी ने पंडित जवाहरलाल नेहरु को किया याद



स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135 वीं जयंती 14 नवंबर को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के संयोजकत्व में जांजगीर में मनाई गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में पंडित नेहरू के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर धूप दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना सभा आयोजित की गई। कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश को पंडित नेहरू पर गर्व है। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में ऐतिहासिक योगदान दिया। देश को आधुनिक विज्ञान में एवं प्रगति सिल बनाने में पंडित नेहरू का विशेष योगदान रहा है। वस्तुतह उनकी देसी एवं विदेशी मामलों में देश एक मान्य शक्ति के रूप में उभर सका है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी, महामंत्री शिशिर द्विवेदी, अजित सिंह राणा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, पार्षद विष्णु यादव, जगदीश्वरी सूर्यवंशी, श्रीमती रेखा सोनवान, पूर्व पार्षद, रामविलास राठौर, मुस्कान परवीन, मनोरमा पाटेकर, चंपा प्रधान, रामविलास राठौर, राजा सिद्ध की, चंद्र कुमार ओग्रे, अनिल राठौर, संतोष बाबई गढ़वाल, परमेश्वर निर्मले, अशोक सोनवानी, कमलेश ताम्रकार, महेश खरे प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

## प्राथमिक शाला में एफएलएन का आयोजन

**बिर्रा।** प्राथमिक शाला बोरसी में सरकार की शिक्षा गुणवत्ता कार्यक्रम के तहत एफ एल एन मेला का आयोजन शुक्रवार 14 नवंबर को हुआ, जिसमें बच्चों के द्वारा तैयार किया गया शिक्षण सामाग्री से स्वयं बच्चे करके सीखने की गतिविधि किया गया। इस कार्य में पहली से लेकर तीसरी तक के छात्र छात्राओं ने उत्साह से गतिविधि में भाग लेकर सीख रहे थे। हिन्दी, अंग्रेजी और गणित विषय पर दो- दो स्टाल आयोजित किया। हिन्दी में अक्षर से शब्द बनाना, मात्रा जोड़कर शब्द बनाना अंग्रेजी में शब्दों की जोड़ी बनाना, रंगों के नाम, फलों के नाम, सप्ताह के दिनों के नाम और गणित में अंको का खेल, जोड़- घटाव एवं आरोही- अवरोही क्रम बनाने की बहुत सुन्दर गतिविधि में भाग लिए। चौथी और पांचवी के छात्र छात्राओं ने स्टाल आयोजित कर संचालित किया गया और बच्चों को चाकलेट ईनाम दे देकर प्रोत्साहित किया। शिक्षक छबि कुमार पटेल एवं ओमशरण कैवर्त्य ने बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाये रखते हुए बच्चों को प्रोत्साहित करते रहे। शिक्षक छबि कुमार पटेल ने कहा एफएनएल कार्यक्रम से बच्चे बेझिझक सीखते हैं। एफएलएन कार्यक्रम के बाद स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती बाल दिवस पर छोटी सी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।



### सावित्री बाई फूले कन्या शाला में माहवारी जागरूकता पर कार्यक्रम

## महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित गंभीर विषयों पर आयोजन जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



छात्राओं को जानकारी देती सामाजिक कार्यकर्ता काजल कसेर।

सावित्री बाई फूले शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पामगढ़ में मासिक धर्म से संबंधित विषय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित हुआ। समाज एवं पर्यावरण कार्यकर्ता काजल कसेर ने छात्राओं को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक चुनौतियों से निपटने का समाधान बताया। चर्चा के बाद उन्होंने माहवारी जागरुकता पर लिखी अपनी किताब छात्राओं में वितरित की।

कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्राचार्य श्रीमती शिल्पा दुबे, व्याख्याता रश्मि वर्मा, निर्मला रात्रि, लता रात्रे, लता सोनवानी, आरती लहरें, शेफाली, मोहन प्रमोद सिंह, ईश्वर खरे, विनोद भारती निधि सोनी एवं शैक्षिक संबंध में निधि लता जायसवाल ने सहयोग दिया और जानकारी भी प्राप्त की। हायर सेकेंडरी स्कूल की बालिकाओं ने बड़ी ही शालीनता के साथ जानकारी को सुना एवं ग्रहण किया। उनके अलावा सहयोगी साथी के रूप में श्रीमती कुमारी कंसारी उपस्थित रहे। सोशल एक्टिविस्ट व आप जिला सचिव विनय गुप्ता ने कहा कि देश की आधी आबादी को रूढ़िवादी और अंधविश्वास की बेड़ियों को तोड़कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर नए समाज का सृजन करना है। महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित गंभीर विषयों पर इसी प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे कि सभी को इसका लाभ मिल सके। काजल कसेर ने कहा कि दुनिया में अरबों महिलाओं के लिए मासिक धर्म होना सबसे सामान्य चीजों में से एक है - फिर भी कई लोगों के लिए, यह अभी भी कलंक, गलतफहमी और खतरनाक गलत सूचना से घिरा हुआ है। मासिक धर्म से गुजरने वाली प्रत्येक महिला को अपने मासिक धर्म को सम्मान और गोपनीयता के साथ प्रबंधित करने की क्षमता होनी चाहिए, लेकिन दुनिया भर में लाखों लोगों को मासिक धर्म के दौरान आवश्यक सुविधाओं तक पहुंच नहीं है। मासिक धर्म स्वच्छता प्रथाओं को समझने से छात्रों में सहानुभूति विकसित करने और आपके स्कूल में एक समावेशी और सहायक वातावरण बनाने में मदद मिल सकती है।

